राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 79 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अनंत शक्तियों से संपन्न हैं देवी का पहला स्वरूप



वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम ॥

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

# हुलिया बदलकर भागा कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह

### जब साथी पकड़े तो वह कैसे फरार हो गया, पुलिसकर्मी क्या कर रहे थे, 4 दिन में रिपोर्ट पेश करें: हाईकोर्ट

### पुलिस की पकड़ से दूर

= पुलिस बोली- हुलिया बदलकर भागा अमृतपाल सिंह, अब अमृतपाल पर एनएसए लगाया गया, पत्नी के खातों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**तीन** दिन बीत जाने के बाद भी कट्टरपंथी अमृतपाल पंजाब पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस को भेष बदलने का शक है। यही वजह है कि मंगलवार को पुलिस ने अमृतपाल की कई तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों को सभी राज्यों के साथ भी साझा किया गया है। वहीं एयरपोर्ट, सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल को सभी तस्वीरें भेजी गई हैं। आशंका है कि अमृतपाल दूसरे राज्यों के रास्ते पंजाब से भाग सकता है। यही वजह है कि पंजाब पुलिस ने अन्य राज्यों से भी संपर्क किया है। पंजाब पुलिस के आईजी (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल का कहना है कि अन्य राज्यों से अच्छा सहयोग मिल रहा है।



**हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल में अलर्टः** पंजाब पुलिस को आशंका है कि अमृतपाल पड़ोसी राज्यों में छिप सकता है या इन राज्यों के रास्ते देश के अन्य राज्यों में जा सकता है, जहां उसे छिपने में मुश्किल न हो। जानकारी के अनुसार, पंजाब में अमृतपाल की तलाश में शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन के साथ ही उक्त अलर्ट के बाद चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल में पुलिस ने भी चौकसी बढ़ा दी है।

### पाकिस्तान और नेपाल सीमा पर चौकसी

**आशंका** यह भी जताई जा रही है कि अमृतपाल पाकिस्तान भी भाग सकता है। इसके बाद केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल को अलर्ट कर दिया है। पंजाब से लगने वाली 550 किमी लंबी पाकिस्तान की सीमा पर बीएसएफ जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। वहीं नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान मुस्तैद हैं।

### बाइक से भेष बदलकर भागा अमृतपाल

**जालंधरः** वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख एवं खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल अभी भी फरार है। 18 मार्च को जब पुलिस उसका पीछा कर रही थी। तो वह मौका पाकर अपनी मर्सिडीज कार छोड़ ब्रेजा में सवार हो गया था। इसके बाद गांव नंगल अंबिया में स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर कपड़े व हुलिये को बदला था। इसके बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ दो बाइक पर फरार हो गया था। यह खुलासा पंजाब पुलिस के आईजी हेडक्वार्टर सुखचैन सिंह गिल ने मंगलवार को सेक्टर-9 पंजाब पुलिस के हेडक्वार्टर में प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने बताया कि ब्रेजा से उसे गुरुद्वारा साहिब पहुंचाने वाले चारों साथियों को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और गुरभेज सिंह उर्फ तेजा शामिल हैं।

# केजरीवाल की मान सरकार को बधाई

### 'पंजाब सरकार ने अमृतपाल मामले में अच्छा काम किया, संयम भरे कदम उठाए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खालिस्तान** समर्थक अमृतपाल के मामले में अदालत से भले ही भगवंत मान सरकार को इंटेलिजेंस फेलियर के लिए फटकार मिल रही हो लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में पंजाब सरकार को बधाई दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमृतपाल मामले को पूरे संयम के साथ हैंडल करने के लिए पंजाब की भगवंत मान सरकार को बधाई दी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठता था कि आप बिजली, पानी शिक्षा में तो अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप सीमावर्ती राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कायम नहीं रख पाएंगे, लेकिन भगवंत मान सरकार ने इस पूरे मामले पर जिस तरह से काम किया वह सराहनीय है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कहा, पंजाब में कानून व्यवस्था लागू करने के लिए और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भगवंत मान सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बहुत संयम और मैच्योरिटी के साथ ये पूरा मामला हैंडल किया है। इसके लिए मैं भगवंत मान को और आम आदमी पार्टी की सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

### 'कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए है तैयारः'

**केजरीवाल** ने आगे कहा पिछले कुछ दिनों की कार्रवाई ने दिखा दिया है कि आप सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए तैयार है। हम देशभक्त लोग हैं। हम भारत माता से प्यार करते हैं और अगर कोई भारत मां के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। अगर कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। आम आदमी पार्टी जरूरत पड़ने पर कठोर से कठोर कदम उठाने के लिए भी तैयार है।


## राइट टू हेल्थ बिल का विरोधः जयपुर में डॉक्टर्स-पुलिस के बीच झड़प



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**जयपुर** में मंगलवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स और पुलिस के बीच झड़प हो गई। डॉक्टर विधानसभा की ओर जा रहे थे। झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। एक दिन पहले भी डॉक्टर्स पर लाठीचार्ज हुआ था। इसके विरोध में डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया है। डॉक्टर्स का आरोप है कि सरकार ने उनकी शर्तों और सुझावों को बिल में शामिल नहीं किया है। इस कारण यह पूरा बिल ही हेल्थ सिस्टम का विरोधी दिख रहा है। डॉक्टर्स ने बिल के खिलाफ रातभर जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर धरना दिया। इनके सपोर्ट में अब सवाई मानसिंह अस्पताल के रेजिडेंट और सीनियर डॉक्टर्स भी आ गए हैं।

## पीएम मोदी बताएं नड्डा का कंट्रोल किसके पास हैः खड़गे




**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक के बेलगावी में कहा कि पीएम मोदी पूछते हैं खड़गे का रिमोट कंट्रोल किसके पास है, मैं उनसे ये पूछना चाहूंगा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है खड़गे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सच बोल रहे हैं इसलिए मोदी की भाजपा सरकार उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से उन्हें डर नहीं लगता है और वे किसी भी चीज के लिए तैयार हैं।

**बेलगावी रैली में बोले थे मोदी- कांग्रेस खड़गे का अपमान करती है :** 27 फरवरी को बेलगावी में एक रैली में पीएम मोदी ने कहा था कि खड़गे जी कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही हैं, लेकिन उनकी वरिष्ठता और उम्र के बावजूद कांग्रेस उनका अपमान करती है।

## 'भाजपा सरकार ने भगोड़े मेहुल को एंटीगुआ की नागरिकता दिलाई'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भगोड़ा मेहुल चौकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस रद्द होने पर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। 'आप' के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि सीबीआई- ईडी विपक्षी नेताओं के खिलाफ तो पूरी सख्ती रखती है, झूठे केस बनाकर उन्हें फंसाती है, लेकिन हजारों करोड़ के फ्रॉड करने वाले भाजपा के दोस्तों के साथ कुछ नहीं करती। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए चड्ढा ने कहा कि भाजपा सरकार मेहुल चौकसी को रेड कारपेट सुविधा उपलब्ध करा रही है। पूरी भाजपा उसे बचाने में लगी हुई है। चड्ढा ने ईडी-सीबीआई पर सवाल उठाते हुए कहा कि बहुत दुख की बात है कि केंद्र सरकार की ईडी-सीबीआई मेहुल चौकसी के खिलाफ इंटरपोल को साक्ष्य देने में नाकाम रही।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय से जुड़ी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। सिसोदिया अभी ईडी हिरासत में हैं। कोर्ट ने उन्हें 17 मार्च को पांच दिनों की ईडी हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया के सीज किए गए बैंक खाते से चेक के जरिए रोजमर्रा के खर्चों के बिल भुगतान की इजाजत दे दी थी। सिसोदिया की ओर से कहा गया कि कोई भी एजेंसी अपने कानून के दायरे में रहकर जांच करती है, लेकिन ईडी की हिरासत अर्जी में कहीं भी अपराध के तरीके का जिक्र नहीं है।

## राहुल-अडाणी मुद्दे पर संसद 23 मार्च तक स्थगित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विपक्ष** की नारेबाजी के बाद राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को लगातार 7वें दिन स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे दोबारा शुरू हुई थी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए सत्ता पक्ष के सांसदों ने राहुल गांधी की माफी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने 23 मार्च तक के लिए राज्यसभा को स्थगित कर दिया।

इसके पहले जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में सदन के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी। जिसमें बीजेपी, वाईएसआरसीपी और टीडीपी को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों के नेता नहीं आए। इधर, लोकसभा की कार्यवाही भी 25 मिनट तक चली, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी के बीच 23 मार्च सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी दोपहर 1 बजे अपने चेम्बर में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी।

## चौकसी का नाम इंटरपोल रेड नोटिस लिस्ट से हटाया

**टीम एक्शन इंडिया/सेंट जॉन्स**

**इंटरपोल** ने भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम रेड नोटिस की लिस्ट से हटा दिया गया है। मेहुल ने रेड कॉर्नर नोटिस के खिलाफ इंटरपोल के लियोन हेडक्वॉर्टर में अपील की थी। सूत्रों के मुताबिक, रेड कॉर्नर हटाने के फैसले को सीबीआई चुनौती दे सकती है। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 14 हजार करोड़ रुपए के घोटाले में आरोपी है और फिलहाल फरार है। मेहुल चोकसी मामले पर सीबीआई की तरफ से मंगलवार को बयान जारी किया गया। जांच एजेंसी ने कहा- इंटरपोल का फैसला सही नहीं है। रेड नोटिस फिर जारी कराने के लिए जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, वो उठाए जाएंगे।

### रेड कॉर्नर नोटिस हटा

= फैसले को सीबीआई चुनौती दे सकती है। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 14 हजार करोड़ रुपए के घोटाले में आरोपी है

## सुप्रीम कोर्ट नहीं सुनेगा नोटबंदी के अलग मामले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 2016 की नोटबंदी में बंद किए गए 500-1000 के नोटों को एक्सेप्ट करने के अलग-अलग मामलों पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि इसके लिए याचिकाकर्ता केंद्र सरकार के पास जाएं। कोर्ट ने सरकार को भी 12 हफ्ते के अंदर 500-1000 के नोटों के आदान-प्रदान पर जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगर कोई याचिकाकर्ता सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है, तो वह हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र होगा।

## मीर जाफर हैं राहुल गांधीः पात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारतीय राजनीति के आज के मीर जाफर हैं। वे भारत के शहजादे हैं, जो नवाब बनने के लिए लंदन में बयान देते हैं। उन्हें ब्रिटेन में कही बातों के लिए संसद में माफी मांगनी होगी। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी बिना माफी मांगे निकल जाएंगे। हम उनसे माफी मंगवा कर रहेंगे। पात्रा ने यह बात प्रेस कॉन्फ्रेंस कही।

**पवन खेड़ा ने कहा- कम से कम भाजपा प्रवक्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस तो करते हैंः** संबित पात्रा के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि शाह और शहंशाह जानते हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे। भाजपा प्रवक्ताओं की परंपरा रही है दिन में वॉट्सऐप रिचार्ज करते हैं और शाम को टीवी पर आकर कचरा बांट देते हैं। चलिए कुछ तो करते हैं, अपने बॉस की तरह प्रेस कॉन्फ्रेंस से बचते तो नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि लंदन के वफादार, हमारे स्वतंत्रता सैनानियों के खिलाफ मुखबरी करने वाले, नौ बार नाक रगड़कर इंग्लैंड से माफी मांगने वाले, वाइसरॉय से पेंशन लेने वाले जब सुबह-सुबह आकर हमें देशभक्ति का ज्ञान देते हैं।

### हंगामा


### भाजपा मुद्दाविहीन, इसलिए किया वॉकआउटः हर्षवर्धन चौहान

# हिमाचलः सदन चला नहीं और हो गया वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को उस समय विचित्र स्थिति पैदा हो गई। जब सदन लगा नहीं और विपक्ष ने वॉकआउट भी कर दिया। वास्तव में दोपहर के भोजनावकाश के लिए विधानसभा की कार्यवाही 2:20 बजे तक के लिए स्थगित हुई थी। विपक्ष निर्धारित समय पर बैठक में हिस्सा लेने के लिए सदन में पहुंच गया, लेकिन सत्ता पक्ष जब 15 मिनट तक सदन में नहीं लौटा, न ही विधानसभा की कार्यवाही पुनः आरंभ हुई तो पूरा विपक्ष नारे लगाते हुए बाहर चला गया। बाद में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि सरकार के सत्ता में आज 100 दिन पूरे हुए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने पत्रकारवार्ता रखी थी, जो लंबी चली। इस कारण सत्तापक्ष निर्धारित समय पर सदन में नहीं आ पाया। चौहान ने यह भी कहा कि इस बारे में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को समय पर सूचित कर दिया था। संसदीय कार्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज भाजपा मुद्दाविहीन है। इसलिए नारे लगाने के लिए बार-बार सदन से बाहर जाने का रास्ता ढूंढा और सदन से वाकआउट करके बाहर चले गए। चौहान कहा कि भाजपा की सरकार में भी कई बार ऐसा हुआ, जब मुख्यमंत्री सदन में ही नहीं आए। बावजूद इसके कांग्रेस ने सदन चलाने में सहयोग किया। उन्होंने विपक्ष को सदन में सार्थक चर्चा करने की सलाह दी और कहा कि विपक्ष सदन चलाने के लिए सरकार और विधानसभा अध्यक्ष को सहयोग दें।





# मुख्यमंत्री ने विश्व वानिकी दिवस पर 'हटेगी फुलणू, लौटेगी चरागाह' अभियान का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर हटेगी फुलणू, लौटेगी चरागाह अभियान का शुभारम्भ किया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वनों की आग की रोकथाम और लैंटाना प्रभावित क्षेत्रों में पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के बारे में जागरूक करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों की आग न केवल वन सम्पदा बल्कि क्षेत्र की जैव विविधता, वातावरण और पारिस्थितिकी को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में सूखे के दौरान वन चीड़ की



पत्तियों और सूखे घास-फू स से भर जाते हैं। उन्होंने कहा कि वनों में आग के कारण न सिर्फ वन सम्पदा प्रभावित होती है बल्कि भूमि की उर्वरता के साथ-साथ जल स्त्रोतों को भी नुकसान पहुंचता है।मुख्यमंत्री ने वन संपदा संरक्षण और हानिकारक खरपतवार को जड़ से उखाड़ने के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आठ दिनों तक चलने वाला यह अभियान 28 मार्च को संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वनों के संरक्षण में जन जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि वन राज्य के लिए बहुमूल्य सम्पत्ति है और हर वर्ष गर्मियों के दौरान वनों में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं जिससे करोड़ों की वन संपदा और अन्य जीव-जंतुओं का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जंगल की आग से पारिस्थितिकी तंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग को पूर्ण सहयोग देने की अपील की।मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंटाना खरपतवार विशेष तौर पर राज्य के निचले क्षेत्रों में पारिस्थितिकी तंत्र को बुरी तरह प्रभावित करता है और इसमें लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लैंटाना कृषि तथा वन भूमि दोनों के लिए ही हानिकारक है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लैंटाना उन्मूलन पर पोस्टर और वनों में आग पर एक पुस्तिका भी जारी की।प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल एचओएफ एफ राजीव कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और अभियान की गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आठ दिनों के इस अभियान के दौरान प्रचार टीम पारिस्थितिकी बहाली के अंतर्गत 48 केंद्रों तक पहुंच कर लोगों को जागरूक करेगी।

# गुम्मा उप-डाकघर में इंटरनेट सेवाएं कई दिनों से चल रही बाधित

**8 जनमानस में भारी रोष है। एसएसपीओ मंडी को मेल के माध्यम से इस समस्या से अवगत करवाया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जोगिंद्रनगर ब्लाक कांग्रेस के महासचिव अजय धरवाल ने कहा है कि पिछले कई महीनों से उप-डाकघर गुम्मा में इंटरनेट की सुविधा के बार-बार बाधित होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण ऊपरी दूर दराज के क्षेत्रों बुराहटू, सरी, चर डूग, तथा निचले दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को बिना काम हुए लौटना पड़ता है। आम जनमानस में इस को लेकर भारी रोष है। इस समस्या को



लेकर एसएसपीओ मंडी को मेल के माध्यम से इस समस्या से अवगत करवाया गया है ताकि इस समस्या का हल शीघ्र हो सके। इस समस्या के बारे स्थानीय निवासी राम सिंह ने कहा की जब भी कभी किसी काम को लेकर सब पोस्ट ऑफि स गुम्मा जाते हैं तो हमेशा ही इंटरनेट की सुविधा बाधित है कह कर वापिस भेज दिया जाता है। ऐसा कई बार तो लगातार कई दिन चला रहता है। इस कारण आम जनता में भारी रोष है।

## भाजपा हजम नहीं कर पा रही बजट: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सुक्खु सरकार ने अपना पहला बजट पेश किया है। जिसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। पावंटा साहिब से कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने वित्तीय वर्ष के इस बजट को सर्वहितकारी बताया ओर कहा की बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया की भाजपा लगातार बजट की बुराई कर रही क्योंकि यह बीजेपी की सत्ता से बाहर होने की बोखलाहट है, बजट में सीएम ने जहाँ किसानों का ध्यान रखा तो उधर बागवानों, किसान मजदूर, आशा वर्कर ओर अन्य वर्गो के लोगों का ध्यान भी रखा है।

# लाहौल स्पीति में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण मनाया जा रहा पखवाड़ा

**8 पखवाड़ा का उद्देश्य जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पांचवां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा। महिला एवं बाल विकास लाहौल स्पीती की द्वारा मनाए जा रहे इस पखवाड़ा का उद्देश्य जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खान-पान की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है।इसी कड़ी में आज महिला एवं




बाल विकास विभाग लाहौल एवं स्पिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी खुशविन्दर ठाकुर की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत त्रिलोकनाथ के गांव हिंसा में किया गया। इस शिविर में आयुष विभाग व कृषि विभाग द्वारा भी अपने विभागीय गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं से स्थानीय लोगो को अवगत करवाते हुए कहा की कुपोषण को दूर करने के लिए चरणबद्ध ढंग से पोषण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शिविर के माध्यम से बताया कि इसके तहत जीरो से 6 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों बच्चों गर्भवती दूध पिलाने वाली माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में समयबद्ध तरीके से सुधार के लिए महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पोषण मिशन का गठन किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि देश में पोषण के प्रति जागरूकता के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इनमें आगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों और गर्भवतिए किशोरियों को जागरूक किया जाता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आशा कार्यकर्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक केंद्रों में, सहायता समहू के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों व बच्चों को खाने के आहार दिए जा रहे है। जिससे उनके शारीरिक विकास में वृद्धि हो पाए। इसके तहत ग्राम पंचायत त्रिलोकनाथ के गांव हिंसा में स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा समारोह के तहत अच्छे पोषण, अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करके परिभाषित मानकों के अनुरूप स्वस्थ बालक की पहचान कर करने बारे उत्सव मनाया गया और स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन भी किया गया ओर बच्चो को पुरस्कृत भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 से लेकर 26 मार्च तक सुंदरनगर के राज्यस्तरीय नलवाड़ मेले में सजेगी सुरों की महफिल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला के सुंदरनगर में 22 से लेकर 26 मार्च तक सुरों की महफिल सजने जा रही है। जहां राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला में पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर और संदीप बराड़ अपने धमाकेदार पंजाबी गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर करेंगे। वहीं मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल पुलिस के विश्वविख्यात म्यूजिकल बैंड और दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल बेस्ट परफार्मर बैंड अवार्ड-2023 से सम्मानित 'हारमनी ऑफ द पाइंसइ अपनी दमदार प्रस्तुति देगें। इसके साथ अन्य सांस्कृतिक संध्याओं में पहाड़ी गायक विक्की चौहान और अन्य स्थानीय गायकों की गायकी श्रोताओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह जानकारी सोमवार को एसडीएम एवं मेला कमेटी अध्यक्ष सुंदनगर धर्मेश रामोत्रा ने राज्यस्तरीय नलवाड़ और सुकेत देवता मेले के आयोजन को लेकर विकास खंड कार्यालय के सभागार में आयोजित आमसभा बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में दी। इस मौके पर मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और स्थानीय समिति तथा उप समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। धर्मेश रामोत्रा ने कहा कि मंडी जिला के सुंदरनगर में राज्यस्तरीय नलवाड़ और सुकेत देवता मेले के आयोजन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला 22 से लेकर 26 मार्च तक और राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला 26 से 30 मार्च तक मनाया जाएगा। नलवाड़ मेले के आयोजन के दौरान पांच सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश और बाहरी राज्यों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। धर्मेश रामोत्रा ने कहा कि मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ रूपरेखा तैयार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन को लेकर कोई भी अपना सुझाव एसडीएम सुंदरनगर के फेसबुक पेज और कार्यालय में आकर दे सकते हैं।

### पीएण्डजी इंडिया ने एनआईटीआईई मुंबई में स्टेम शिक्षा ले रही छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की



**बद्दी:** प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएण्डजी इंडिया)और सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी ने कई शहरों में निकाले गए अपने पहले वूमन इन स्टेम कारवां रोडशो का समापन मुंबई के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में आयोजित एनआईटीआईई इक्वेलिटी एंड इन्क्लूजन समिट 2023 में किया। समापन समारोह में पीएण्डजी इंडिया ने एनआईटीआईई में स्टेम (साइंस,टेक्नोलॉजी,इंजीनियरिंग और मैथ्स)कोर्स कर रही पांच लड़कियों को पीएण्डजी शिक्षा बेटियां स्कॉलरशिप प्रदान की। स्कॉलरशिप के लिए इन लड़कियों का चयन उनकी योग्यता,प्रतिभा के साथ पढ़ाई में उनके सामने आ रही आर्थिक चुनौतियों के आधार पर किया गया।इस रोड शो को आधिकारिक रूप से जी.20 के कार्यक्रमों का हिस्सा माना गया।रोड शो में स्टेम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने,नीति संबंधी प्रावधानों, कॉरपोरेट्स की भूमिका पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया। रोड शो को नई दिल्ली में 11 फरवरी को इंटरनेशनल डे फॉर वुमन एंड गर्ल्स इन साइंस डे के अवसर पर हरी झंडी दिखाई गई। इसके बाद इस रोड शो ने देश के कई महत्वपूर्ण भागों,हिमाचल प्रदेश,तेलंगाना और महाराष्ट्र की यात्रा करते हुए नेशनल साइंस डे जैसे अन्य महत्वपूर्ण दिनों का जश्न भी मनाया।कारवां के माध्यम से पीएण्डजी इंडिया ने इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स और इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टेम कोर्सेज कर रही 100 से ज्यादा लड़कियों की पहचान की और उन्हें पीएण्डजी शिक्षा बेटियां स्कॉलरशिप दी गई।

## केंद्र की योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश को 18130 करोड़ पर एक भी बार प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार का धन्यवाद नहीं : भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा जिला किन्नौर की डाटा प्रबंधन अभियान को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में किया गया इस बैठक में भाजपा के 2022 के प्रत्याशी सूरज नेगी और सह मीडिया प्रभारी कर नंदा विशेष रूप में उपस्थित रहे।सूरत नेगी ने कहा कि हिमाचल का बजट एक खोकला बजट है पूर की जय राम ठाकुर सरकार ने प्रदेश में रखरखाव हेतु 3000 करोड़ का प्रावधान किया था और वर्तमान सरकार ने इस में कटौती कर 2774 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है ए मेजर वर्क्स के लिए पूर्व सरकार ने 5261 करोड रुपए का प्रावधान किया था और वर्तमान सरकार ने इसको भी घटाकर 4726 करोड रुपए कर दिया अगर देखा जाए तो पूरे बजट में केवल कटौती कटौती और कटौती ही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के साथ छल किया है अगर प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1500 रू देने है, तो इसके लिए 21 लाख महिलाएं पात्र है इसके लिए सरकार को 3600 करोड़ रु का सालाना बजट चाहिए।

यह सरकार केवल झूठ बोल कर सकता नहीं आई है और केवल झूठ बोल कर ही सकता को चलाने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर कर्ण नंदा ने कहा की हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष 18130 करोड़ मिलने जा रहा है पर पूरे बजट भाषण के दौरान एक भी बार प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार का धन्यवाद तक नहीं किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम तक नहीं लिया, केवल मात्र केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों को हिमाचल में चलाने की वाहवाही लूटने का कार्य किया।चाहे आप एसएमसी टीचर्स की बात कर ले या स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 1700 कर्मचारियों की बात करें सभी एक स्थाई नीति का इंतजार कर रहे हैं सरकार को उन कर्मचारियों के लिए कुछ ठोस कार्य करना चाहिए।

## पड्डल मैदान खाली होते ही नगर निगम उठाएगा सफाई का जिम्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

नगर निगम मंडी के उपमहापौर वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को लेकर सफाई व्यवस्था का जिम्मा नगर निगम मंडी के पास रहता हैं। जिसको लेकर नगर निगम ने सफाई के टेंडर किया था वह टेंडर 19 मार्च को खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही अब मेला स्थल पड्डल मैदान खाली होता है तो नगर निगम युद्ध स्तर पर पड्डल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाएगा और सफाई व्यवस्था को सुचारू करेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पटेल मैदान को खाली करने के आदेश दे दी है।

# जोगिंद्रनगर के समीप छत्तर गांव में अज्ञात लोगों ने जलाई बाईक, कारें भी क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जोगिंद्रनगर-सरकाघाट राज्य मार्ग पर छत्तर गांव में शरारती तत्वो द्वारा सडक किनारे खडी की गई बाईक को सोमवार रात को जला देने का समाचार मिला है। जानकारी के मुताबिक छत्तर निवासी सुरेश कुमार रोजाना अपनी बाईक को सडक के किनारे पार्क करतेथे लेकिन गत रात्री किसी ने बाईक को आग लगा दी, इससे पहले बाईक से तेल निकाल लिया गया था। इस वारदात को अंजाम देने से बाईक पूरी तरह जलकर राख हो गई है



और साथ खड़ी दो कारों को भी नुकसान पहुंचा है।

थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर प्रीतम जरियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन की जा रही है और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे है व पुलिस आरोपियों की शिनाख्त में जुटी है।

# खुबानी के फूलों से गुलजार हुई पांगणा की वादियां

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बदलते मौसम में खुबानी के फूलों से पांगणा की वादियां गुलजार हो गई हैं। खुबानी एक जैविक गुठलीदार फल है। आयुर्वेद के अनुसार खुबानी मीठा और गर्म तासीर वाला फल है। खुबानी को पक्की तथा सूखाकर खाया जाता है। आजकल पांगणा और आसपास के गांवों में खुबानी के फूलों का अनुपम सौंदर्य प्रकृति की सुंदरता को चार चांद लगा रहा है। खुबानी के फूल सफेद और गुलाबी पंखुडियों वाले होते हैं। खुबानी का बाहरी छिलका काफी मुलायम होता है। यही छिलका और इसके अंदर का मीठा गुदा खाया जाता है। बागवानी विशेषज्ञ



डॉक्टर शरद गुप्ता का कहना है कि सफेदा, शक्कर पारा, कैसा, चार मग्ज, न्यू कैसल, अर्ली शिप्ले ऊंचे, मध्यम पर्वतीय और शुष्क शीतोष्ण पर्वतीय क्षेत्र में उगाई जाने वाली खुबानी की किस्में हैं। खुबानी जून के आरम्भ में पककर तैयार हो जाती है। खुबानी का छिलका इतना नाजुक होता है कि सूक्ष्म कीट भी इसे हानि पहुंचा सकते हैं। अधिक फसल लेने के लिए मधुमक्खियों से परागण बहुत आवश्यक है। खुबानी के गुदे के अंदर सख्त गुठली होती है। इस गुठली के अंदर बादाम की तरह बीज-गिरि होती है। यह बीज-गिरि मीठी होती है। खुबानी की चटनी, सॉस, स्क्वैश, नैक्टर, जूस, जैम, जैली, पापड़ समोसे, संडोड़ी, वाइन आदि बनाई जाती है। किन्नौर की सूखी खुबानी काफी प्रसिद्ध है। रामपुर लवी मेले में सूखी खुबानी का खूब कारोबार होता है। बागवान डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि खुबानी डायबिटीजए आंखों की रोशनी बढ़ाने, पाचन संबंधित रोगों, कील, मुहांसे और त्वचा में फायदेमंद है। खुबानी की पंखुडयिों का चूर्ण बनाकर इसमें काली मिर्च और अदरक मिलाकर काढ़े के रूप में सेवन करने से खांसी में भी लाभ होता है।

# हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार के सत्ता में 100 दिन पूरे

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने मंगलवार को सत्ता में 100 दिन पूरे कर दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग हमीरपुर को भंग किए जाने के कारण रद्द हुई भर्ती प्रक्रिया को फिर शुरू करने की घोषणा की। यह प्रक्रिया अगले 10 दिनों में शुरू होगी। अब ये सभी भर्तियां हिमाचल प्रदेश राज्य लोकसेवा आयोग के माध्यम से होगी। इस प्रक्रिया के तहत प्रारंभ में दो हजार पदों को भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भंग करने के कारण रद्द हुई भर्तियों के लिए



आवेदन कर चुके उम्मीदवारों से पुनः परीक्षा के लिए कोई फ ीस नहीं ली जाएगी और ऐसे उम्मीदवारों पर उम्र संबंधी मापदंड भी लागू नहीं होंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सिर्फ उन्हीं पदों के लिए नए सिरे से परीक्षाएं होंगी, जिनके पेपर लीक हुए हैं या जिन्हें लेकर कोई विवाद है। शेष सभी परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित कर लिए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए पहली अप्रैल से पुरानी पेंशन योजना बहाल हो जाएगी। इसी के साथ प्रदेश सरकार की ओर से एनपीएस फं ड में दी जाने वाली धनराशि को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल के कर्मचारियों और अधिकारियों का एनपीएस फंड में करीब 9 हजार करोड़ रुपए जमा है और प्रदेश सरकार ने इस राशि को वापस देने का केंद्र सरकार से आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फिजूलखर्ची को कम करने के उपायों के तहत वन विभाग में निर्माण विंग को खत्म कर दिया है और इसमें तैनात कर्मचारियों को लोकनिर्माण सहित अन्य विभागों में भेज दिया गया है। उन्होंने एफ सीए और एफ आरए के केसों में सुप्रीमकोर्ट से मिली राहत को प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि करार दिया और कहा कि इससे राज्य में विकास कार्यों में अभूतपूर्व तेजी आएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दावा करते हुए कहा कि कुछ विभागों में व्यवस्था कर दिया गया है और शेष विभागों में भी जल्द ही व्यवस्था बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था परिवर्तन के अगले एक वर्ष में परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पारदर्शिता से कार्य करेगी क्योंकि हम सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं और जनता के हित में फैसले लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 100 दिन के इस कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के सहयोग से राज्य की नई दिशा तय की है। यह दिशा आने वाले परिवर्तन की दिशा है। प्रदेश का वर्ष 2023-24 का बजट इस दिशा को दशार्ता है, भले ही इसके परिणाम आने में समय लगेगा। उन्होंने दावा किया कि इस बार बजट को रूटीन से हटकर स्कीम आधारित बनाया गया है और यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य, मुख्य संसदीय सचिव और विधायक भी मौजूद थे।

# पांवटा साहिब शिक्षा खंड ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य किए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उच्च शिक्षा के 20 विद्यालयों के लगभग 40 समिति सदस्यों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड परियोजना अधिकारी डॉ दीघार्यु प्रसाद ने बतौर अतिथि की।उन्होंने बताया कि आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालय विनिर्माण क्षेत्र में प्रत्येक स्कूल की विद्यालय प्रबंधन समिति अपना अमूल्य योगदान दे रही है।कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके योगदान से



दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।खंड स्रोत समन्वयक सुरेश शर्मा ने सभी लोगों का स्वागत किया और बेहतरीन कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विकसित विद्यांजलि पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने के लिए प्रेरित किया।रिसोर्स पर्सन जीवन प्रकाश जोशी और बाबूराम शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को उनके कर्तव्य और शक्तियों से अवगत करवाया।

इस अवसर पर पृथ्वी चंद, केहर सिंह, ममता देवी, अर्जुन सिंह रजनी गुप्ता, सरिता शर्मा, लायक राम, गुरमीत सिंह, दलीप सिंह, धनवीर सिंह, इमराना, प्रवीण, शाहिदा, गीता देवी, सुषमा देवी, पूर्ण, राकेश कुमार आदि को अपने अपने स्कूलों में बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# देशी व विदेशी फूलों से सज गया मां चिंतपूर्णी का दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

विश्वविख्यात शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी के दरबार में 22 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रे मेले को लेकर माता रानी का दरबार रंग बिरंगे फूलों से सज गया है। मंदिर की सजावट में देशी व विदेशी 7 किस्म के फूलों का इस्तेमाल किया गया है। रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया मां का दरबार बहुत सुंदर लग रहा है। फूलों की सजावट के साथ मंदिर में जगमगाती लाइटें भी लगाई गई है, जोकि मंदिर की सजावट को और ज्यादा आकर्षक बना रही है। नवरात्रों के उपलक्ष्य पर मंदिर को सजाने का कार्य जालंधर पंजाब के श्रद्धालु अविनाश कपूर की ओर किया गया है। वहीं लाईटों लगाने का काम श्रद्धालु किशन मित्तल की ओर से करवाया गया है। मेले को लेकर प्रशासन द्वारा भी पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं। 30 मार्च तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि मेले में मुख्य रूप से





लंगर लगाने को लेकर कुछ नियमों में बदलाव किए गए हैं। सडक के आमने-सामने दोनों तरफ लंगर लगाने की अनुमति नहीं होगीद्ध इसके अलावा सडक पर लंगर नहीं लगाया जा सकेगा और लंगर संस्थाओं को मंदिर न्यास द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करना होगा। मेले के दौरान 200 पुलिस जवान, 200 होमगार्ड के जवान और 50 महिला आरक्षी मेले में व्यवस्था बनाने के लिए तैनात किए जाएंगे एसडीएम अंब मेला अधिकारी होंगे और डीएसपी अंब वसुधा सूद पुलिस मेला अधिकारी होंगी। मेले के दौरान सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल को अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाए गए हैं। वहीं श्रद्धालुओ को पेयजल पिलाने के लिए जगह जगह टंकिया रख वहा कर्मियों की तैनाती की गई है।

मेले के दौरान लागू रहेगी धारा 144

जिला दंडाधिकारी ऊना राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्रों मेला के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला ऊना में 22 से 30 मार्च तक धारा 144 लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कानून एवं व्यवस्था में तैनात जवानों को छोडकर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोडकर अन्यों द्वारा लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। इसके अतिरिक्त ब्रॉस बैंड़, ड्रम, लंबे चिम्टे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा।

अब नारियल प्रसाद भी बांटने की योजना

मेले व अन्य दिनों में मन्दिर नारियल चढ़ाने के दौरान श्रद्धालुओ को साबुत नारियल ही श्रद्धालुओं को वापिस कर दिया जाता था।

# कुल्लू में अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के चुनाव सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की बैठक परिमण्डल सचिव हिमाचल प्रदेश नरेश गुलेरीया की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों की समस्या के बारे में चर्चा की गई और आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के बारे में मांग की गयी। बैठक में परिमंडल हिमाचल प्रदेश भर से डाक सेवक कर्मचारियों ने भाग लिया।इस दौरान डाक सेवक संघ कुल्लू के द्वी वार्षिक चुनाव भी किए गए। चुनाव के दौरान सचिव अच्छर सिंह ने डाक सेवक संध कुल्लू का द्वी वार्षिक में की गई गतिविधियों की जानकारी दी तथा किए गए आय.ब्यय का ब्यौरा प्रसतूत किया।बैठक में परिमण्डल सचिव नरेश गुलेरीया की अध्यक्षता में चुनाव भी



करवाए गए जिसमें सर्वसमति से प्रधान पद के लिए सुजिन्द्र कुमार शाखा डाकपाल पुरानी मनाली, सचिव पद के लिए रेवत राम पत्रवाहक भूतंर तथा कोषाध्यक्ष के लिए हेम राज पत्रवाहक भेखली को नियुक्त किया गया।मुख्यतिथि नरेश गुलेरिया ने कर्मचारियों को सम्बाधित करते हुए कहा कि प्रदेश में शाखा डाकघरों में कार्यरत कर्मचारियो को कई समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए हम सरकार से सभी मिलकर आवाज उठाएंगे।

# विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हंगामा

## 8034 करोड़ रुपए खर्च होंगे बल्ह एयरपोर्ट के निर्माण पर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर हंगामा हुआ। यह हंगामा उस समय हुआ, जब बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने एसीसी और अंबुजा सीमेंट कंपनियों में तालाबंदी के दौरान एक स्थानीय नेता द्वारा अदानी की एसीसी कंपनी के जीएम को पिस्तौल की नोक पर धमकाने और पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने का मामला उठाया। इसी दौरान भाजपा सदस्य व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हंस राज ने मनीकर्ण और मनाली में पंजाब से आए सैलानियों द्वारा तोड़ फोड़ करने और कानून को अपने हाथ में लेना का मामला उठाया, जिस पर सदन में दोनों ओर से काफ ी देर तक शोरगुल होता रहा। बाद में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के हस्तक्षेप से यह हंगामा शांत हुआ और प्रश्नकाल फिर से सुचारू रूप से चला। इससे पूर्व त्रिलोक जम्वाल के मूल प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बिलासपुर के घाघस में एक व्यक्ति को दिन दिहाड़े गाड़ी में मारने का प्रयास किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना बरमाणा में एफ आईआर दर्ज है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस जांच में पाया गया कि इस घटना में वास्तव में जिस वस्तु को पिस्तौल के रूप में दशार्या गया, वास्तव में वह एक खिलौना था। उन्होंने कहा



कि इस घटना में प्रयुक्त सभी वस्तुओं को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद अपने कब्जे में ले लिया था और आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद एसीसी अदानी कंपनी के जीएम को पीएसओ भी उपलब्ध करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर आने-जाने वाले का स्वागत है और सरकार सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटना में कोई भी शामिल हो, उसके खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने त्रिलोक जम्वाल द्वारा बिलासपुर सदर में एक पंचायत प्रधान द्वारा पुलिस और विजिलेंस की कार्रवाई पर कहा कि यदि कोई कार्रवाई हुई है तो जरूर पुलिस के पास इनपुट होगा। इस दौरान भाजपा के हंस राज और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बीच गर्मागर्म बहस भी हुईए जिस पर सत्ता पक्ष की ओर से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित कई विधायक व मंत्री सरकार के बचाव में खड़े हो गए। बाद में अध्यक्ष के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। मंडी के बल्ह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को लेकर विधायक इंद्र सिंह गांधी, विनोद कुमार और सुधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की तारीख में इस हवाई अड्डे के निर्माण पर 8034 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें से जमीन के अधिग्रहण पर 2786 करोड़ रुपए खर्च होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो आम लोगों के सपनों को पूरा करते हैं और बल्ह हवाई अड्डा तो पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसे तो हम अवश्य ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस हवाई अड्डे के लिए जल्द पैसा स्वीकृत करवाने का प्रयास करेगी और फिर इसका शिलान्यास होगा। विधायक अजय सोलंकी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के तहत एफसीए के तहत सरकार द्वारा 332 मामलों को अनुमोदित किया गया, जबकि 164 मामले अनुमोदन के लिए लंबित हैं। उन्होंने कहा कि एफ आरए के तहत सरकार द्वारा 1415 मामलों को अनुमोदित किया गया है और 395 मामले अनुमोदन के लिए लंबित है। विधायक अनिल शर्मा के एक सवाल के दौरान हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने मंडी बाजार में लोकनिर्माण विभाग द्वारा मौजूदा दामों से अधिक कीमत पर जमीन के अधिग्रहण और अधिग्रहण से पहले ही जमीन की कीमत पर ब्याज लगाने के मामले की सरकार जांच करेगी। उन्होंने कहा कि जमीन की कीमत यदि मौजूदा दामों से अधिक हुई तो इस मामले में कार्रवाई भी की जाएगी।

# भारत के स्थाई सदस्यता की दावेदारी एवं चुनौतियां पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में मंगलवार को समसामयिकी विषय पर आधारित स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने की। स्पेशल लेक्चर का विषय संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई सदस्यता की दावेदारी एवं चुनौतियां रहा।

प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय दावेदारी को कुछ तथ्यों के आधार पर समझा जा सकता है।

# लोकसभा व विधानसभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिरः पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस को पूर्वाह्न 10:30 बजे 14वीं विधानसभा के बजट सत्र देखने आये संभोटा तिब्बतन विद्यालय, छोटा शिमला के छात्र-छात्राओं के साथ विधान सभा परिसर में सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुलाकात की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विधान सभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे पूछा तथा संसदीय प्रणाली की जानकारी ली।इस अवसर पर पठानिया ने छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि लोकसभा तथा



विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर है तथा आज के युवा जिस तरह संसदीय प्रणाली की ओर आकर्षित हो रहे है इससे लोकतन्त्र की मजबुती को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन ही एक ऐसा सर्वोत्तम स्थान है जहां चुने हुए प्रतिनिधि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठा सकते है तथा उनका समाधान भी सम्भव हो पाता है। छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए पठानिया ने कहा कि उनका दायित्व सदन की कार्यवाही चलाना है जिसे वे स्थापित नियमावली से नियंत्रित करते है।

इस अवसर पर पठानिया ने छात्र-छात्राओं से लोकतांत्रिक प्रणाली को गहनता से अध्ययन करने का भी आग्रह किया।

# कुल्लू की युवा कवयित्री वैशाली बिष्ट हुई राज्य पुरस्कार से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल एकता मंच द्वारा राजधानी शिमला में बेटियां स्माइल अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कई शक्सियतों को सम्मानित किया गया। तो वहीं साहित्य के क्षेत्र में जिला कुल्लू का नाम रोशन करने वाले युवा कवित्री वैशाली बिष्ट को भी



उनकी बेहतरीन उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। बता दें कि इससे पूर्व वैशाली बिष्ट को राष्ट्र गौरव सम्मान 2022, स्टार ऑफ देवभूमि 2022, ताज, हिमाचल 2022 व प्राइड ऑफ इंडिया 2023 जैसे कई सम्मान मिल चुके हैं तथा हाल ही में अपनी लिखी कविता श्दर्द हर महीने काश के लिए इंटरनेशनल आइकन अवार्ड 2023 के लिए भी नोमिनेट हुई है।

# नंगड़ा में सगे भाइयों के घरों में ताले तोड़ की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना-संतोषगढ़ रोड़ पर स्थित नंगड़ा में अज्ञात चोरों ने सिलसिलेवार वारदातों को अंजाम देते हुए सगे भाइयों के घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए की नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया है। घटना के वक्त दोनों ही परिवारों के लोग घर में नहीं थे। घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात शुरू कर दी है।

एएसपी प्रवीण कुमार धीमान दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनाओं का जायजा लेने के साथ साथ पीड़ित परिवारों से बातचीत करते हुए जानकारी भी हासिल की। पुलिस को दी शिकायत में बृज मोहन व बृज भूषण निवासी नंगड़ा ने बताया कि सोमवार रात्रि परिवार सहित अपनी बहन के घर पटियाला गए हुए थे। मंगलवार सुबह लौटने पर पाया कि घर के ताले टूटे हुए हैं और घर में रखा सामान विखरा हुआ था। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि दो सगे भाइयों के घरों में ताले तोडकर अज्ञात चोरों ने करीब 18 तोले सोना और 80 हजार रुपए की नकदी उड़ा लिए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से नुकसान की जानकारी ली है। घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक प्रवीण धीमान भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करते हुए स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की।

एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने कहा कि इस क्षेत्र में चोरियों की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है, जिन पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना होगा।

, उन्होंने कहा कि एक तरफ ग्रामीणों को ठीकरी पहरा लगाना होगा, जबकि इसके अतिरिक्त रिहायशी क्षेत्रों में सीसीटीवी का प्रबंध करना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज किया है मामले की जांच शुरू कर दी गई हैक्षेत्र में दो माह से चोर सक्रिय

इस क्षेत्र में पिछले 2 माह से चोरों की लगातार सक्रियता पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। इससे पहले बराना से लेकर पेखूवेला तक दुकानों के शटर तोडकर शातिरों ने इलेक्ट्रोनिक सामान पर हाथ साफ किए थे।

# ट्रक चालक 1.220 किलो भुक्की संग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



थाना बंगाणा के जोल में पुलिस ने एक ट्रक चालक को 1.220 किलोग्राम भुक्की संग काबू किया है। आरोपी व्यक्ति की पहचान गुरबख्श सिंह निवासी मकरैड़ के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम को बंगाणा पुलिस की टीम जोल में नाकेबंदी के दौरान मौजूद थी। इस दौरान पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर एक ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने चालक गुरबख्श सिंह 1.220 किलोग्राम भुक्की बरामद की। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिस्पा में आयोजित हो रहा 14 दिवसीय बेसिक स्की कोर्स

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के माउंटेनियरिंग सब सेंटर जिस्पा में 14 दिवसीय बेसिक स्की कोर्स करवाया जा रहा है 10 तारीख से शुरू हुए इस कोर्स में 35 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं कांगड़ा लाहौल कुल्लू के प्रतिभागी इस दौरान स्की स्पोर्ट्स की बारीकियां सीखेंगे 10 मार्च से शुरू हुए इस कैंप का समापन 23 मार्च को होगा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को साहसिक खेल स्की के बारे में जानकारी दी जा रही



है। कैंप के इंचार्ज मोहन नाजु ने बताया कि विभाग समय-समय पर युवाओं को साहसिक खेलों की बारीकियां सिखाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाता है।

# कांगड़ में मनाया अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगड़ के अशोका ईको क्लब द्वारा अंतराष्ट्रीय वन दिवस आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें रेणुका प्रथम, कंचन दूसरे और अवनीत कौर तीसरे स्थान पर रही। अपने वंकत्वय में प्रतिभागी छात्रों ने वनों को आग से बचाने, अधिक पेड़ पौधे लगाने और वन की रक्षा के बारे में विचार प्रकट किए। वहीं प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए जैव विविधता के बारे में भी जानकारियां साझा की। इस अवसर पर स्नेह लता, जोगिंद्र कौशल, राजिंद्र कौशल, रवीश कुमार, संदीप कुमार, दीपक, गुरबख्श सिंह, अरुण कुमार, तलविंद्र, मदन लाल, सुरेश, पूर्ण कंग, सरिता, सुनीता शर्मा, बिंदिया शर्मा व रेखा रानी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक बबलू ने विधानसभा में किसानों के मुद्दों की पैरवी की

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विधानसभा में क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में अधिकांश लोग खेतीबाड़ी पर निर्भर है। क्षेत्र हर साल हजारों टन आलू की पैदावार होती है, लेकिन किसान अपनी फसल को बिचौलियों के हाथ बेचने को मजबूर होते है। अगर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जाए, ताकि किसान अपनी फसल को घर द्वार पर बेच पाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का मौसम ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए भी अनुकूल है। अगर इसकी खेती को सरकार किसानों को प्रोत्साहित करे तो उनकी आर्थिकी सद्दढ़ हो सकती है। चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा में भाग लेते बजट को प्रदेश सरकार का नीतिगत दस्तावेज करार देते हुए इसे सराहनीय बताया। उन्होंने कोरोना महामारी काल में पूर्व सरकार पर लोगों को मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार लोगों का सहारा बनने की बजाए उन पर केस दर्ज करने में लगी रही।

# जलग्रां टब्बा में मनाया पोषण पखवाड़ा दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र टब्बा-2 में पोषण पखवाड़ा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने की। कुलदीप सिंह ने कहा कि लोगों को पोषण की मूल अवधारणा से अवगत करवाने तथा लक्षित वर्ग को जागरूक बनाने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमे मोटे अनाज की महत्वता के बारे में लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का मूल उद्देश्य किशोर, किशोरी,



गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को निर्धारित पोषण के विषय में जागरूक बनाना तथा उन्हें उचित पोषण उपलब्ध करवाना है। कुपोषण से लक्षित वर्गों को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी स्तर, पर्यवेक्षक वृत्त स्तर तथा परियोजना स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे ह। इस अवसर पर पर्यवेक्षक आशा देवी, पोषण ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गुरमुख सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जीवन, परवीन, अंकिता, तृप्ता व अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फेवीकोल चैंपियन क्लब ने बांटी चेतना स्कूल के 150 बच्चों को पाठ्य सामग्री



ज्योति कॉलोनी स्थित चेतना स्कूल में आज फेवीकोल चैंपियन क्लब पानीपत द्वारा 150 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पिडीलाइट फेविकोल कंपनी के बिजनेस एग्जीक्यूटिव सुलभ भाटिया बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं फेविकोल चैंपियन क्लब की 5 सदस्य कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पांचाल ने अध्यक्षता की । चेतना परिवार के संस्थापक एवं शिक्षाविद दीपचंद्र निमोर्ही ने चेतना परिवार का परिचय दिया। वहीं चेतना परिवार के सदस्य विनोद पांचाल ने चेतना परिवार की गतिविधियों से अवगत कराया। भाटिया ने बच्चों से मन लगाकर पढ? के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़.चढकर भाग लेने का परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। भाटिया ने बताया कि फेविकोल चैंपियन क्लब इस प्रकार के कार्यक्रम पहले भी दो स्कूलों में कर चुका है। जिनमें एक स्कूल के बच्चों को टिफिन वह दूसरे स्कूल के बच्चों को जूते बांटे गए। इसी कड़ी में आज कॉपी पेंसिल बाटी गई हैं। भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां जारी रहेंगी। इस अवसर पर रितिक पांचाल, अनमोल, अनिल, नितिन, मोहन लाल व स्कूल का स्टाफ प्रमुख रूप से मौजूद रहा।

### इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मैनेजमेंट ने सेबी के सहयोग से योग्यता पोर्टल बनाया

**गुरुग्राम।** इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मैनेजमेंट (आईएसडीएम) ने सेबी के सहयोग से सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) के लिए एक योग्यता पोर्टल तैयार किया है। यह संस्थान व्यवसाय प्रबंधन के सिद्धांतों से पृथक विकास प्रबंधन क्षेत्र विकसित और मजबूत करने को प्रतिबद्ध रहा है। यह पोर्टल आर्थिक लाभ से परे सेवारत संगठनों को एसएसई प्लैटफॉर्म के संसाधनों के लिए आवेदन करने की योग्यता और आवश्यकता निर्धारित करने में मदद करेगा। संस्थान के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी-डीएम) इन डेवलपमेंट मैनेजमेंट के पांचवें बैच के दीक्षांत समारोह में इसका उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच इस समारोह में मुंबई से ऑनलाइन जुड़ीं। उन्होंने बीज वक्तव्य देने के बाद एसएसई एलिजिबलिटी पोर्टल का उद्घाटन किया। अपने बीज वक्तव्य में सोशल स्टॉक एक्सचेंज और एलिजिबलिटी पोर्टल का महत्व बताते हुए माधबी पुरी बुच ने कहा, ह्यह्यहम सोशल स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से पूरी पारदर्शिता और आवश्यक घोषणाएं सुनिश्चित करना चाहते हैं ताकि सामाजिक कार्यों के लिए आर्थिक योगदान देने वाले ऐसे किसी प्रयास में विश्वास करें। सेबी में हम यह चाहते हैं कि सामाजिक निवेश लोगों के पोर्टफोलियो का अभिन्न हिस्सा बने और इसे बाजारों में एक स्वतंत्र संपत्ति वर्ग की मान्यता मिले। इससे सामाजिक कार्य करने वाले संगठनों को आसानी से पूंजी मिलेगी। उन्होंने निवर्तमान बैच को बधाई देते हुए आईएसडीएम के मजबूत होते मिशन की प्रशंसा की। यह मिशन सामाजिक उद्देश्य से कार्यरत संगठनों के लिए प्रोफेशनलों का एक कैडर तैयार करना है। आईएसडीएम के सह-संस्थापक और अध्यक्ष रवि श्रीधरन ने कहा, ह्यह्यसेबी और आईएसडीएम ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज के लिए एलिजिबलिटी पोर्टल बना कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। आखिर, समाज, सरकार और बाजार (समाज, प्रशासन और बाजार) के एकजुट काम करने और सामाजिक क्षेत्र की आवश्यकताओं के लिए जरूरी धन जुटाने की जमीन तैयार हो गई है। उन्होंने बताया, हमारे संगठन ने सात वर्ष पहले काम शुरू करने के बाद शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान और ज्ञान सृजन कई सीमाओं को पार कर बड़ी और अहम उपलब्धियां दर्ज की।

### हिस्ट्री टीवी 18 पर मिलिए नई दिल्ली के शेफ से जिसने खोजा फूड वेस्ट में टेस्ट

**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फूड आइटम्स का लगभग 1/3 भाग इस्तेमाल नहीं हो पाता और वेस्ट हो जाता है? जो बात इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली है, वह यह है कि भोजन की बर्बादी का केवल एक छोटा अंश ही ग्लोबल हंगर की समस्या को हल कर सकता है। क्या हम व्यक्तिगत स्तर पर खाने की बबार्दी को कम करने के लिए कोई बदलाव ला सकते हैं? मिलिए नई दिल्ली के एक 5 स्टार होटल के शेफ देवेंद्र कुमार से, जो खाने की बर्बादी को व्यंजन में बदलकर इस दिशा में एक सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।
जानिए कैसे वो छिलकों और बीजों से ऐसे व्यंजन बनाते हैं जो 5 स्टार होटल के मेन्यू में शामिल होते हैं, ओएमजी ये मेरा इंडियाके अगले एपिसोड में, इस गुरुवार, 23 मार्च को रात 8 बजे, सिर्फ.हिस्ट्री टीवी 18 पर। फैक्चुअल एंटरटेनमेंट में सबसे कामयाब सीरीज का नौवां सीजन हमेशा की तरह हर गुरुवार को रात 8 बजे असाधारण भारतीयों की ऐसी अविश्वसनीय कहानियाँ लेकर आएगा जो मनोरंजक होने के साथ-साथ प्रेरणा से भरपूर हैं।

# एनएच 152 डी पर बाघोत के पास प्रवेश व निकास के लिए सीएम से मिले जिले के जनप्रतिनिधि

## चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों को जोड़ने वाली सड़क का जंक्शन है यह स्थान

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
प्रसिद्ध धार्मिक व ऐतिहासिक स्थान बागोत के नजदीक एनएच 152 डी पर कट की मांग को लेकर आज जिला के सभी विधायकों के साथ-साथ राज्य के कई विधायकों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। सभी ने यहां पर एनएच 152 डी पर चढ़ने तथा उतरने की सुविधा के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को डीओ लेटर लिखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एनएच 152 डी पूरे हरियाणा की जीवन रेखा है। यह राज्य के सभी



महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों को आपस में जोड़ने वाला कोरिडोर है। ऐसे में कुछ प्रमुख स्थानों पर इस कॉरिडोर पर चढ़ने तथा उतरने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। महेंद्रगढ़ जिला के इन प्रतिनिधियों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव, नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव तथा अटेली के विधायक सीताराम यादव शामिल थे।सभी जनप्रतिनिधि ने कहा कि एनएच 152 डी महेंद्रगढ़ जिले से होकर गुजरता है। प्रसिद्ध धार्मिक व ऐतिहासिक स्थान बागोत इस सड़क के निकट स्थित है, लेकिन इस बिंदु पर कोई प्रवेश या निकास नहीं है। उन्होंने बताया कि यह स्थान पौराणिक काल में महर्षि पिप्लाद का निवास स्थान रहा है। साथ ही इस गांव में एक बहुत प्राचीन शिव मंदिर है और लाखों लोग साल में दो बार इस मंदिर के दर्शन करने के लिए यहां इकट्ठा होते हैं। इसके अलावा यह चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों को जोड़ने वाली सड़क का जंक्शन है। इसलिए जनहित में इस बिंदु पर एक निकास और प्रवेश अत्यधिक आवश्यक है। ऐसे में सभी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अनुरोध किया कि वे केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री से इस बिंदु पर एनएच 152डी में प्रवेश और निकास की अनुमति देने के लिए डीओ पत्र लिखें। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# 3 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पोषण पखवाड़ा 20 मार्च से 3 अप्रैल तक मनाया जाएगा। डीपीओ महिला एवं बाल विकास अधिकारी के आदेश के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र में जगह-जगह पर पोषण से संबंधित जानकारी दी जा रही है। रैली के द्वारा वजन लेकर, पोषण का अर्थ क्या है, उसमें संतुलित भोजन को शामिल करके हम अपने स्वास्थ्य को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं, पौष्टिक आहार, पौस्टिक थाली, साइकिल रैली आदि के माध्यम से संबंधित जानकारी आंगनबाड़ी के आसपास प्रतिदिन दी जा रही है। वहीं आज बिशनपुरा केंद्र नंबर 17 में सरोज बाला सुपरवाइजर द्वारा किशोरियों को खानपान से संबंधित जानकारी दी गई। सरोज बाला ने बताया कि हमें सबसे ज्यादा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता, सतवंती, हेल्पर मीना, मनीषा व सुनीता आदि मौजूद रहे।

# वी ने उद्योग जगत के पहले सेल्फ-केवायसी लॉन्च के साथ कस्टमर ऑनबोर्डिंग को बनाया आसान

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**अब नया** मोबाइल कनेक्शन लेना बेहद आसान, त्वरित, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है, क्योंकि वी लेकर आए हैं उद्योग जगत में पहली बार सेल्फ-केवायसी प्रक्रिया। अब वे लोग जो नया प्रीपेड या पोस्टपेड सिम लेना चाहते हैं, उन्हें रीटेल स्टोर जाने या फिजिकल केवायसी कराने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के अनुरूप वी का सेल्फ केवायसी सिस्टम डीओटी द्वारा निर्धारित निदेर्शों पर आधारित है। इसके माध्यम से उपभोक्ता कभी भी कहीं भी नया कनेक्शन एक्टिवेट कर सकते हैं, साथ ही उन्हें सिम की डिलीवरी उनके घर पर दी जाएगी। वी का सेल्फ-केवायसी कोलकाता एवं कर्नाटक में सभी पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए शुरू हो चुका है। सिम खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए यह सर्विस धीरे-धीरे देश भर में सभी प्रीपेड और पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए शुरू की जाएंगी। वी सेल्फ केवायसी के यूजर अपने घर बैठे ऑनलाईन नया सिम ऑर्ड कर सकते हैं, अपना पसंदीदा प्लान चुन सकते हैं और घर पर सिम की डिलीवरी पाने के लिए सेल्फ केवायसी कर सकते हैं। यह आधुनिक डिजिटल वैरिफिकेशन समाधान बेहद सहज, सरल, आश्वस्त, सुविधाजनक, त्वरित एवं सुरक्षित है। उपभोक्ताओं को नए वी सिम के लिए आसान एवं त्वरित तरीके को अपनाने के लिए आमंत्रित करते हुए अभिजीत किशोर, सीओओ, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यहम हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने और उन्हें आधुनिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास करते रहे हैं। हमारा सेल्फ-केवायसी समाधान डिजिटल इंडिया की दिशा में उद्योग जगत में पहली बार लाई गई अनूठी पहल है, जो हमारे उपभेक्ताओं के जीवन को सरल एवं आसान बनाएगी।

# भाजपा ने 2024 जीतने के लिए चलाया विजय रथ

**पानीपत:** भाजपा 2024 की तैयारी मे जी जान से जीतने के लिए विजय रथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व उप महापौर उत्तरी दिल्ली नगर निगम एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली विजय भगत एवं प्रदेश प्रभारी विजय रथ राजिन्द्र खरींडवा सदस्य रेलवे बोर्ड एवं सदस्य एफ सीआई एवं भाजपा विस्तारक द्वारा 2024 तैयारी को लेकर कमलजीत पंवार प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा एवं भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र कबीरपंथी को बनाया गया। विजय रथ में नियुक्ति होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भगत एवं प्रदेश प्रभारी विस्तारक राजेंद्र खरिंडवा का धन्यवाद किया। उन्होने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से उनके विचारों से उनके कार्यों से जो आज हमारा देश विश्व में नंबर वन पर है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है।

# गांव रायपुर में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को लेकर हुआ कैम्प का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**परिवार पह**चान पत्र के चलते लोगों को आ रही परेशानियों से निजात दिलाने के लिए "आप" सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने अपने पैतृक गाँव रायपुर में निशुल्क कैम्प का आयोजन किया। देवेन्द्र गौतम ने बताया गया की कैम्प में लोगों के परिवार पहचान पत्र में लिखी गई लाखों रुपय की आय को ठीक करने हेतु ग्रिवेन्स डाली गई है। पात्र लाभार्थियों के बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया गया है। देवेन्द्र गौतम ने हरियाणा सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुवे कहा की हरियाणा में सरकार के नाम पर खेल चल



रहा है। गरीब व्यक्ति भूख से मर रहा है ओर परिवार का पेट पालने के लिए दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है। सरकार द्वारा बिना पूरी तैयारी के लागू किया गया परमानेंट परेशानी पत्र (पीपीपी) जिसको सरकार परिवार पहचान पत्र बोलती है की वजह से अनेकों गरीब परिवार विभिन्न समस्याओ से घिरा हुआ है। सभी ग्रामीणों ने देवेन्द्र गौतम की इस पहल का स्वागत किया ओर अपना आशीर्वाद दिया।

# परिवार का पालन पोषण करना हमारा धर्मः आचार्य बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**श्री गौ** गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान के तत्वावधान में सभी धर्म प्रेमी बन्धुओं के सहयोग से श्री कल्लू मल धर्माथ बगीची में चल रही श्री मद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को सर्वप्रथम आचार्य मनीष शास्त्री ने मुख्य यजमान महेश भालोठीया,सह यजमान सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा को भागवत की आरती व विधान से व्यास पूजन करवाया। इसके बाद व्यास गद्दी से आचार्य बजरंग शास्त्रीजी ने बताया की घर परिवार का पालन पोषण करना हमारा धर्म है , लेकिन हमारी हर एक श्वास में प्रभु का नाम स्मरण



होता रहे यही मानव जीवन का परम धर्म है हम सभी को विश्वास के साथ निस्वार्थ भक्ति हीआचार्य जी ने व्यास जी के जन्म , शुकदेव जन्म और परीक्षित जी के जन्म की,और कलियुग आगमन,कुंती स्तुति ,भीष्म पितामह द्वारा देह त्याग ,राजा परीक्षित जी को संत के श्राप और शुकदेव आगमन की कथा सुनाई ।और इसके उपरांत शुकदेव द्वारा भगवान नारायण द्वारा बह्मा को चतुःश्लोकि भागवत उपदेश किया और बताया की किस प्रकार भगवान वराह रूप धारण किया और हिरण्याक्ष का उद्धार किया और रसातल मे गई पृथ्वी को लेकर आये। आचार्य जी ने बताया की भगवान नारायण की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण आरम्भ किया और सर्वप्रथम दस प्रकार की सृष्टि वर्णन किया उसके उपरांत ब्रह्मा जी ने अपने शरीर से सृष्टि के पहले पुरुष मनु और स्त्री शतरूपा को महारानी को प्रकट किया और । इसके बाद नरसिंह अवतार की सुंदर कथा वर्णन करते हुए बजरंग शास्त्री ने बताया की भगवान अपने भक्तो के लिये कुछ भी करने के लिये तैयार ही जाते है । भगवान के परम भक्त प्रहलाद को जब दुष्ट हिरण्यकश्यप ने बड़ा कष्ट दिया और अनेक प्रयत्न द्वारा प्रहलाद को मारने का प्रयत्न किया लेकिन प्रहलाद का बाल भी बाँका नही कर पाया क्योंकि कहते है की जाको राखे साईया मार सके ना कोय और बाल ना बाकौ कर सके जो जग बैरी होय "जिसकी भगवान रक्षा करते है उसका कोई कुछ भी नही बिगाड़ सकता कथा में हिरण्यकश्यप और नरसिंह तथा प्रहलाद की सुंदर झांकी तथा कथा का वर्णन किया तथा बताया की भगवान अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिये आधे नर और आधे सिंह के रूप में नरसिंह रूप धारण कर प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप को मारकर प्रहलाद की रक्षा की।

# एस ए जैन स्कूल में चिराग योजना के तहत भरे जा रहे हैं फार्म

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए जो अब तक सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, कक्षा तीसरी से बाहरवी में दाखिले करने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग योजना की शुरूआत की है जिसके अनुसार अब यह विद्यार्थी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में भी सरकारी स्कूलों की तरह बिना कोई फीस चुकाए शिक्षा प्राप्त कर सकते है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्कूलों की लिस्ट के अनुसार इस योजना के तहत अम्बाला शहर में एकमात्र एस ए जैन सीनियर सेकंडरी स्कूल में ही फार्म ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीकों से भरे जा रहे है। एस ए जैन सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री नीरज बाली ने बताया कि यह योजना कक्षा तीसरी से बाहरवी तक सभी छात्रों के लिए है। दाखिला लेने वाला अभ्यर्थी हरियाणा का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम होनी चाहिये। दाखिले के लिए बच्चे की फैमिली आई. डी- परिवार पहचान पत्र का होना भी जरूरी है। जो इच्छुक छात्र/अभिभावक इस योजना के अन्तर्गत दाखिला लेना चाहते है उनके फार्म ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीकों से दिनांक 15 मार्च, 2023 से 31 मार्च, 2023 तक से एस ए जैन सीनियर सेकंडरी स्कूल में सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक भरे जा रहे है। अतिरिक्त एस ए जैन सीनियर सेकंडरी स्कूल में आगामी सत्र के लिए भी नर्सरी से बाहरवी तक सभी कक्षाओं में बिना दाखिला फीस के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है।

# लघु सचिवालय में दुकानों व पार्किंग की निलामी 29 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि लघु सचिवालय सोनीपत में फ्रूट शॉप, फोटोस्टेट-लैमिनेशन शॉप, साईकिल स्टैंड व चाय की दुकान की निलामी 29 मार्च को प्रातः 12:00 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कांफ्रेंस हाल कमरा नंबर 103 में नगराधीश की अध्यक्षता में की जाएगी। उन्होंने बताया कि लघु सचिवालय के प्रथम तल पर आयोजित होने वाली इस नीलामी की शर्तें कोई भी व्यक्ति कमरा नंबर-114 स्थित जिला नाजर शाखा में किसी भी कार्यदिवस पर आकर देख सकता है। उपायुक्त ने बताया कि सभी दुकानों व पार्किंग की नीलामी 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए की जाएगी। कोई भी व्यक्ति मौके पर पहुंचकर बोली दे सकता है। बोलीदाताओं को नीलामी शुरू होने से पहले 50 हजार रुपये की राशि बोली के लिए अग्रिम तौर पर जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता की बोली सबसे अधिक होगी उसे आधी राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी और बोली की शेष राशि 07 दिन के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी।

# अमृत उत्सव में पहुंचे गुजरात के राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में समारोह अमृत उत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रबन्धक समिति के मैनेजर रामपाल जागलान ने किया। मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत का विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर विद्यालय के प्रधान विरेन्द्र आर्य, प्रबन्धक रामपाल जागलान, प्राचार्य मनीश घनगस, उपायुक्त सुशील सारवान,भाजपा




जिलाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, राजेश सोनी सीटी एम, सीईओ विवेक चौधरी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य मनीश घनगस व प्रबन्धक रामपाल जागलान द्वारा डा. अनुराग खटकड़ उप मन्त्री आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा, रणदीप सिंह कादियान सरपंच सिवाह एवं प्रधान आर्य बाल भारती स्कूल, विरेन्द्र सिंह आर्य प्रधान, सुमित्रा अहलावत प्रधान आर्य कन्या वरिश्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन, प्रबन्धक आर्य बाल भारती स्कूल के राजेन्द्र सिंह का स्वागत किया। मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत व विशिष्ठ अतिथि सेठ राधा कृष्ण ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्रों को सम्मान स्वरूप उपहार दिया गया। मंच संचालन प्रमोद चोपड़ा ने किया। आचार्य देवव्रत ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1981 में जब वह गुरूकुल कुरूक्षेत्र में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे उस समय में भी पानीपत के आर्य वरिश्ठ माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान प्रयोगषालाएं प्रदेष भर में प्रसिद्ध रही हैं। उन्होने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होने कहा कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है।

# गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

## मेयर निखिल मदान ने सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुँचकर श्रद्धालुओं को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की दी शुभकामनायें।

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मंगलवार** सुबह सोनीपत रेलवे स्टेशन से करतारपुर साहिब गुरुद्वारा के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ।
इस मौके पर नगर निगम मेयर निखिल मदान रेलवे स्टेशन पर पहुँचे और उन्होंने मौके पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं को सुःखद यात्रा की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने अपना अंतिम समय करतारपुर साहिब में गुजारा था। लगभग 16 साल गुरु नानक देव जी करतारपुर साहिब में रहे और वही उन्होंने अपने देह का त्याग किया ,इसीलिए



करतारपुर साहिब का सिख धर्म में बड़ा धार्मिक महत्व है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिक्ख सम्प्रदाय के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का जीवन एक धर्म विशेष के लिए ही नही अपितु समस्त मानव जाति के लिए मानवता और करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरु नानक जी ने सदैव दीन दुःखियों की सहायता करने की सीख दी और सद्कर्म पर चलने की राह दिखाई। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज हम सब को गुरु नानक जी के संदेशों को अपने जीवन मे अपनाने की बेहद आवश्यकता है ताकि हम सब एक दूसरे के काम आ सकें।गुरु नानक जी ने सदैव समानता और भाईचारे का संदेश दिया जो आज के जीवन मे बेहद जरूरी है। वो सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हैं और सबकी मनोकामना पूरी हो ऐसी कामना करते हैं। इस मौके पर सरदार परमजीत सिंह, सरदार सन्नी, सरदार चरणजीत सिंह, रविन्द्र कुमार, रवि कपूर, सौरभ सचदेवा, प्रेम रेलन, भारत भूषण, जे डी काठपलिया, सत्यवीर निर्माण,सुशील स्याल, श्रवण कथूरिया, महेश, कपिल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अगर नहीं हुई कारवाही तो नगर निगम के खिलाफ जाएंगे कोर्टः जैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**समाज** सेवा संगठन व अन्य सामाजिक संस्थाओं ने आज बेसहारा गोवंश को गौशाला में भिजवाने के लिए नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया बेसहारा गोवंश का मुद्दा पानीपत में बहुत पुराना है अब से 7 महीने पहले समाज सेवा संगठन वह शहर की सामाजिक संस्थाओं ने कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा था उस वक्त मेयर पूर्व मेयर भी संगठनों के साथ थे। उस वक्त नगर निगम ने समाज सेवा संगठन को लिखित में एक लेटर जारी किया था की बहुत जल्द गोवंश




को पकडने का टेंडर खोला जाएगा व टेंडर खोलने के 4 माह तक पानीपत से बेसहारा गोवंश को पकडकर गौशाला में भेज दिया जाएगा जबकि 7 महीने होने को हैं। जितना गोवंश पहले सडकों पर था उससे ज्यादा गोवंश आज सडकों पर है। अगर गोवंश को निगम गौशाला नहीं भेजता है तो संगठन के सलाहकार वकीलों से सलाह करके कोर्ट में केस किया जाएगा इस अवसर पर गुलशन कटारिया, हिंदू महासभा से अमरदीप राजवंश, सुरेश नारंग, भारतीय जैन मिलन से राजेंद्र जैन, बलराज कादियान, अतुल मुंजाल, पंडित परशुराम, राजेंद्र जैन, गंगा गुप्ता, राजीव जैन, अंकित माटा, राजीव जैन, विकास, मोहित, अंकित, राजेंद्र व दिनेश रेवड़ी आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# राहुल गांधी के घर दिल्ली पुलिस

**सोशल** मीडिया पर एक वीडियो देखकर बहुत से लोगों को हैरानी हुई। वीडियो में दिल्ली के भीड़भाड़ भरे इलाके में बीच सड़क में एक टैक्सी में दो लड़के एक लड़की को जबरन कार के भीतर धकेल कर बिठाते दिख रहे हैं। उस वक्त सड़क पर पूरी आवाजाही चल रही है, लेकिन फिर भी लड़कों को उस लड़की को जबरन बिठाने का न कोई प्रतिवाद होते दिखा, न पुलिस की कोई सक्रियता नजर आई। यह वीडियो जब वायरल हुआ, उसके बाद पुलिस ने इस पर कार्रवाई शुरू की। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि गाड़ी और ड्राइवर का पता लगा लिया गया है। दो लड़कों और एक लड़की ने रोहिणी से विकासपुरी के लिए टैक्सी ली थी। पुलिस ने कहा है कि लड़की और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई, इसके बाद लड़की टैक्सी से उतर कर जा रही थी, तभी दोनों दोस्तों ने उसे जबरदस्ती कार में बैठाने की कोशिश की! लड़की का बयान दर्ज कराये जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक दिल्ली पुलिस लड़की का बयान दर्ज करा पाई या नहीं, यह तो पता नहीं। लेकिन इस घटना से दिल्ली की कानून-व्यवस्था का हाल समझा जा सकता है। हो सकता है दोस्तों में सुलह हो गई हो, हो सकता है लड़की सुरक्षित हो। लेकिन इस घटना से ये तो पता चल ही जाता है कि दिल्ली में सरेआम कोई किसी के साथ बदतमीजी या जबरदस्ती करे तो उसे रोकने के लिए पुलिस फौरन हाजिर नहीं होती है, न ही सड़कों पर करोड़ों रुपए खर्च करके लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का कोई उपयोग नजर आता है। दिल्ली पुलिस सड़क पर तो मुस्तैद नहीं दिखी, लेकिन राहुल गांधी से जानकारी हासिल करने में वह जिस तरह की मुस्तैदी दिखा रही है, उस पर आश्चर्य भी नहीं हो रहा। क्योंकि राहुल गांधी जिस तरह भाजपा के आगे बिना डरे खड़े हुए हैं, उससे तय है कि उन्हें किसी न किसी तरह झुकाने या गलत साबित करने की कोशिश जारी रहेगी। रविवार सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंच गई। क्योंकि उसे उन महिलाओं की जानकारी चाहिए थी, जिनका जिक्र श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया था। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने कहा था कि उनसे मिलने कुछ महिलाएं आई थीं, जो यौन प्रताड़ना का शिकार हुई थीं। राहुल गांधी ने उन्हें तभी पुलिस को जानकारी देने और उनकी मदद करने की तत्परता दिखाई थी। लेकिन उन महिलाओं ने मदद लेने से इन्कार करते हुए कहा कि वे केवल अपना दर्द उनसे साझा करने आई थीं। उन्हें अपनी पीड़ा पुलिस को नहीं बतानी है। इस घटना को सुनाकर राहुल गांधी दरअसल जनता को यह बताना चाह रहे थे कि इस देश में महिलाएं किस तरह पीड़ित हो रही हैं। राहुल गांधी ने पांच महीने की 4 हजार किमी की भारत जोड़ो यात्रा में असंख्य महिलाओं से मुलाकात की और उनके सुख-दुख को साझा किया। राहुल गांधी ने बाद के अपने कई भाषणों में बताया कि वे अपने सामने चलने का स्थान खाली रखते थे और भीड़ में से या साथ चलने वाले लोगों में से जो कोई उनके पास आना चाहता, वे उसके लिए पूरी जगह बनाने का इंतजाम रखते थे। वे चाहते थे कि लोग उनके पास आकर यह महसूस करें कि वे अपने घर आए हैं। आश्चर्य की बात ये है कि राहुल गांधी ये यात्रा सड़क पर कर रहे थे, लोग उनसे सड़क पर ही मिल रहे थे, मिलने वालों में अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग शामिल होते थे।

# अब हमारी आदत ही पानी बचा सकती है



प्रियंका सौरभ

> "पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है। कुछ राज्यों में जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर अंतर्राज्यीय विवाद हो सकते हैं, जो पहल की प्रगति को बाधित कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, और इसलिए, पहल की स्थिरता। मिशन पानी के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल है"

**जल से जीवन है जुड़ा, बूँद-बूँद में सीख**
**नहीं बचा तो मानिये, मच जाएगी चीख**

**हर** घर, नल से जल योजना 2019 में लॉन्च की गई। जल शक्ति मंत्रालय की इस स्कीम का उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में पाइप से पीने का पानी उपलब्ध कराना है और यह सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। वे जो टैरिफ तय करते हैं वह गांव में सभी के लिए समान नहीं होगा। जिनके घर बड़े हैं उन्हें अधिक भुगतान करना होगा, जबकि गरीब घर या ऐसे परिवार जहां कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है, उन्हें छूट दी जाएगी। नीति आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्त 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है। जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। .



इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी। पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी। नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है, जिसमें पाइप, पंप और उपचार संयंत्र शामिल हैं। पहल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग की आवश्यकता होती है, और सरकार को इस पहल के लिए पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है पहल की सफलता स्थानीय स्तर पर योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता पर भी निर्भर करती है।

पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है। कुछ राज्यों में जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर अंतर्राज्यीय विवाद हो सकते हैं, जो पहल की प्रगति को बाधित कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, और इसलिए, पहल की स्थिरता।मिशन पानी के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल है। जेजेएम पानी के लिए एक जन आंदोलन बनाना चाहता है, जिससे यह हर किसी की प्राथमिकता बन जाए। केंद्र और राज्यों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10, अन्य राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% है।

आजादी के 70 साल बाद भी, लगभग 50% भारतीय लोग पीने के पानी तक पहुंच नहीं पाते हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग सरकार ने इसके लिए काम किया है, लेकिन वास्तविकता एक ही है कि देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। इसलिए लाल किले से पीएम मोदी ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जाता है। इसका उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

केंद्रीय सरकार ने पीएम जल जीवन मिशन के तहत 3.6 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। पीएम ने भारत को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने पर भी भरोसा जताया है। यह मिशन सेवा वितरण पर केंद्रित है न कि आधारभूत संरचना निर्माण पर। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राज्यों, गांवों और स्थानीय निकायों को इसके प्रति एक मजबूत अभियान बनाने का श्रेय दिया है। नल से जल पहल का उद्देश्य 2024 तक ग्रामीण भारत में हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है। इस पहल का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है, और यह पानी और स्वच्छता तक सार्वभौमिक पहुंच के व्यापक लक्ष्य में योगदान देता है।

## कविता

### बुधिया फिर अनाथ हुई

यकायक बुधिया विचारवान हुई
भ्रूण में ही उसने सोचा
इस काल से आदि काल तक बुधिया तुझे क्या मिला
भृम में रक्ताल्पता रही
पैदा हुई मां चल बसी
गरीबी बेचारी सब ने मिलकर पाला उसे
तार-तार चीथड़ों ने पोसा तुझे,
चंद मटमैली दूध की बूंदों ने,
दी ऊर्जा और जिजीविषा उसे,
संसार में आंख खोलने की शक्ति,
संकट काल में पिता ने भी छोड़ा साथ,
भाग निकला तमाम जिम्मेदारियों से,
बुधिया को छोड़ गया,
घिरी हुई तमाम बीमारियों से,
बुधिया फिर अनाथ हुई,
तोतली बोली के साथ,
शुरू हुआ बाल श्रम का सिलसिला,
पेट और पीठ की दूरी न नाप सका कोई ,
पेट की आग ईमान,धर्म और ईश्वर बनी,
जिंदगी ने एक बार फिर,
नर्क की कोख से जन्म लिया,
रोटी की खातिर रोटी के लिए,
यू सुबह और ऐसे ही सांझ हुई,
बुधिया फिर अनाथ हुई,
शैशव बाल्यकाल और कलम

संजीव ठाकुर

## नव सम्वत पर संस्कृति का सादर वन्दन करें

-डॉ. सौरभ मालवीय

**नवरात्र हवन के झोंके, सुरभित करते जनमन को।**
**है शक्तिपूत भारत, अब कुचलो आतंकी फन को॥**
**नव सम्वत पर संस्कृति का, सादर वन्दन करते हैं।**
**हो अमित ख्याति भारत की, हम अभिनन्दन करते हैं॥**

22 मार्च से विक्रम सम्वत 2080 का प्रारम्भ गया है। विक्रम सम्वत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है। नक्षत्र माह 27 दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में 360 दिन होते हैं। इसका एक महीना 30 दिन का होता है।

भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत का बहुत महत्त्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि की प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम सम्वत का शुभारंभ किया था, तभी से विक्रम सम्वत चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है।

## विचार

### नौ माताओं के इस महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं

**संजीव ठाकुर**

**नवरात्रि** का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है' यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है' द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है।

नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है। आप सभी को चैत्र नवरात्रि कथा हिंदू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### हिंदू राष्ट्र विचारक- डॉ. हेडगेवार

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारत के** सबसे विशाल, समाजसेवी व राष्ट्रभक्त संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म युगाब्द 4991 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नागपुर के एक गरीब वेदपाठी परिवार में हुआ था। डॉ. हेडगेवार जी के पिता का नाम श्री बलराम पंत व माता का नाम रेवती बाई था। हेडगेवार जी का बचपन बहुत ही गरीबी में बीता किन्तु गरीबी के उस वातावरण में भी व्यायाम, कुश्ती, लाठी चलाना आदि में उनकी रुचि रही। बचपन में विभिन्न भवनों पर फहराते हुए यूनियन जैक को देखकर वे सोचते थे कि हमारे भारत वर्ष का हिन्दुओं का झंडा तो भगवा ही है क्योंकि भगवान राम और कृष्ण, शिवाजी, महाराणा प्रताप सभी की जीवन लीलाएं इसी झंडे की छत्रछाया में संपन्न हुई हैं और यहीं से उनके हृदय में यूनियन जैक को उतार फेंकने की योजना तैयार होने लगी।

केशव की प्रारम्भिक शिक्षा अंग्रेजी विद्यालय नीलसिटी में हुई जहां उन्होंने महारानी विक्टोरिया के 60वें जन्म दिन पर बांटी गयी मिठाई को कूड़ेदान में फेंक दिया था। सन 1901 में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के समय लोगों द्वारा खुशी मनाये जाने पर बहुत दु:खी हुए। 1902 में प्लेग की महामारी के कारण उनके माता- पिता का देहावसान हो गया।हेडगेवार जी के बड़े भाई क्रोधी स्वभाव के थे जिसके कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और अपने मित्रों के साथ रहने लगे। उन्होंने लोकमान्य तिलक के पत्र के लिए धन एकत्र करने का काम प्रारंभ किया और स्वदेशी वस्तुओं की दुकान खोलने में भी सहायता की।19 सितम्बर 1905 को अंग्रेज सरकार ने बंगाल को विभाजित कर दिया जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हुआ। पूरा भारत वंदे मातरम के नारे से गूंज उठा था। केशव ने नागपुर के किले से अंग्रेजों के झंडे उतारकर भगवा झंडा लगाने का प्रयास किया। विद्यालय में निरीक्षक के आने पर छात्रों ने वंदे मातरम के नारे लगाये। कुछ ही दिनों में केशव नागपुर में तिलक के नाम से प्रसिद्ध हो गये।केशव ने 1906 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अपनी पढ़ाई के लिए टयूशन और एक विद्यालय में नौकरी करने लगे।

1908 में अंग्रेज सरकार ने केशव के पीछे गुप्तचर लगा दिये। बड़े क्रांतिकरियो के साथ सम्पर्क में आने के लिए वह 1910 में कलकत्ता आ गये।विद्यालय के पश्चात वह अन्य विद्यार्थियों से सम्पर्क करते थे।सन 1910 मे कलकत्ता में हुए दंगे के दौरान उन्होंने एक सुश्रूवा दल बनाया था।

### सरकारी बस अड्डा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जब** आएगी तब आएगी। आप वहाँ नए बने विश्राम गृह में जाकर बैठिए। थोड़ा राज्य सरकार का विकास कार्य भी तो देखिए। बस यूँ ही बस में बैठे फुर्र हो जायेंगे तो राज्य के विकास के बारे में कैसे पता चलेगा? अरे भैया! आप भी कमाल करते हैं। हमें बस की पड़ी है और आप हमें जबरन विश्राम गृह दिखाने पर तुले हैं। हमें सीधे-सीधे बस के समय की जानकारी क्यों नहीं दे देते? बस काउंटर वाला मन ही मन बड़बड़ाने लगा ह्लअगर मैं तुम्हें यह बता दूँ कि बस दो घंटे लेट है तो तुम मुझे इतना गरियाओगे कि हमारी हालत खराब हो जाएगी।। दो मिनट झेंपने के बाद काउंटर वाले ने जैसे-तैसे मुझे विश्राम गृह में बैठने के लिए मना लिया। झक मारकर मैं विश्राम गृह में जाकर बैठ गया। अभी मैं बैठा ही था कि एक बंदा वहाँ आया और कहने लगा भैया! दो दिन से भूखा हूँ। गाँव जाने के लिए भी पैसे नहीं है। इस गरीब की कुछ सहायता कर दो। भगवान आपको बरकत देगा।मुझे उस बंदे से अधिक विश्राम गृह पर गुस्सा आ रहा था। खाक विकास हुआ है। दो-चार टाइल लगाकर एक-दो रिचार्ज प्वाइंट लगाने को विकास कहते हैं? बस अड्डे में कुछ भी बदलाव नहीं आया। पहले भी भिखमंगे भीख माँगने आते थे और आज भी आते हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं तो ऐसा विकास सरकार को ही मुबारक। मैंने जैसे-तैसे उस बंदे को वहाँ से भगाया। घुम-फिरकर वह बंदा फिर से मेरे पास आया। इस बार मैंने उसे इतनी जोर से झिड़की दी कि वह अगली बार आने से पहले दो-चार बार अवश्य सोचेगा। बस अड्डे पर बस की प्रतीक्षा करने के बहाने लोग क्या-क्या सीख जाते हैं। संयमता, तपस्या करना, खीझ नियंत्रित करना, गुस्से का पारा अधिक होने पर झिडकी देना आदि-आदि। बस अड्डा न हुआ बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र हो गया। बैठे-बैठे प्यास लगने लगी। अड्डे से पानी की बोतल खरीदने लगा तो दुकानदार ने किनली के बदले सिनली की बोतल थमा दी। ऊपर से तय कीमत से पाँच रुपए अधिक वसूल रहा था। पूछने पर गुटके की पीक मेरे बगल से दूर थूकते हुए मेरी ओर ताकते हुए कहा देखिए साहब ज्यादा तीन-पाँच मत कीजिए। यहाँ का कानून ऐसा ही है।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 22 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

न्यूज फ्लैश

## पहाड़ से मैदान तक बारिश, पूर्णागिरि मार्ग पर आया मलबा

**चंपावत**: बीते तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को भी दिन की शुरूआत बारिश के साथ हुई। पहाड़ से मैदान तक सोमवार रात से ही रुक रुककर बारिश हो रही है। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। चम्पावत, लोहाघाट,टनकपुर,पार्टी, बाराकोट समीर पूरे जनपद भर में कल रात से ही बारिश जारी है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। उधर पूर्णागिरि मार्ग पर बारिश के कारण बाटनागड़ के पास मलबा आ गया। इसके चलते कुछ देर के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही को रोका गया था। मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल छोटे वाहनों के लिए रास्ता खुल चुका है।

## बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेरा

**टीम एक्शन इंडिया/फरुर्खाबाद**
तेज बारिश व हवाओं के झोंके से खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो रही हैं। गेहूं के खेत ऐसे लग रहे हैं मानो इस फसल पर किसी ने पाटा चला दिया हो। गेहूं की फसल टूट-टूट कर जमीन पर पसर गई है। इस गिरी हुई फसल पर बारिश का पानी गिरने से उस की निचली परत के साथ ही पत्तियां तथा जड़े सड़ने के आसार बनते जा रहे हैं। इसके साथ ही उसकी बालियां भी फंगस लगने से गलने लगी हैं जिसके कारण दाने तबाह हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में पैदावार काफी प्रभावित होगा।

ठीक यही हाल रवी की अन्य फसलों का भी हो रहा है। इसके अलावा कायमगंज क्षेत्र जहां एटा जनपद के समीपवर्ती वाले ग्रामों से लेकर कायमगंज के पास बसे गांव अताईपुर कटरा, मऊरशीदाबाद, मुडौल, जौंरा कादर, दादपुर सराय, अहमदगंज, भकुसी, विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र के गांव सहित पूरे तहसील क्षेत्र कायमगंज में बसे अन्य ग्रामों में अधिकांश किसान तंबाकू की फसल उत्पादक हैं।

# नारी शक्ति को सशक्त बना रही योगी सरकार

### आत्मनिर्भर और स्वावलंबी पर जोरः नारी शक्ति योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के साथ उन्हें सुरक्षित माहौल देने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की बेटियां एवं महिलाएं एक ओर जहां योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं सुरक्षित माहौल देने के लिए योगी सरकार ने उन्हें पुलिस बलों में भी अहम भूमिका दी है। राज्य सरकार ने पीएसी की तीन महिला बटालियन के गठन के बाद तीन और महिला बटालियन की घोषणा की। इसका काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है।

प्रदेश के 1583 थानों (जीआरपी सहित) पर महिला बीट आरक्षी को नियुक्त करते हुए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने के





साथ उन्हें सुरक्षित माहौल देना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। प्रदेश की बेटियां और महिलाएं एक ओर जहां योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं सुरक्षित माहौल देने के लिए योगी सरकार ने उन्हें पुलिस बलों में भी अहम भूमिका दी है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण अभियान- मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके तहत प्रदेश के पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षित किया गया ताकि महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

साहसी महिलाओं के नाम पर प्रदेश में तीन पीएसी की महिला बटालियन स्थापित की जा रही है। इनका नाम रानी अवंतीबाई लोधी, ऊदा देवी और झलकारीबाई के नाम पर रखा जा रहा है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाली वीर नारियों के नाम यह बटालियन बदायूं, लखनऊ और गोरखपुर में स्थापित की जा रही है। इसी क्रम के दूसरे चरण में जालौन, बलरामपुर और मीरजापुर/भदोही में से एक स्थान पर पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

पीएसी की एक महिला बटालियन में 1262 पदों पर तैनाती की प्रक्रिया चल रही है।

### महिला अपराधों में आई कमी

**प्रदेश** में 10,417 महिला पुलिस बीट का गठन किया गया है। इन नवगठित बीटों में 15 हजार 130 से अधिक महिला बीट पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है। महिला बीट अधिकारी गांव में महिलाओं से संवाद स्थापित कर अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इतना ही नहीं, वह योगी सरकार की ओर से महिला कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं एवं कार्यक्रम के संबंध में महिलाओं को जागरूक भी कर रही हैं। प्रदेशभर में महिला संबंधी अपराधों को रोकने के लिए शक्ति मोबाइल का गठन किया गया, जो पीड़ित परिवार की काउंसिलिंग के साथ अपराधियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही हैं।

### एंटी रोमियो स्क्वॉड ने शोहदों पर कसी नकेल

**राज्य** सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन महिला अपराधों पर नकेल कसने के लिए साइबर पुलिस स्टेशन में महिला साइबर सेल का गठन किया गया। इसके जरिए महिला साइबर सेल, इंटरनेट, अन्य सोशल मीडिया एप पर साइबर स्टॉकिंग एवं साइबर बुलिंग शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिलों की दूरस्थ तहसीलों में 79 महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र एवं महिला थाने का गठन किया गया। इन चौकियों और थानों में महिला संबंधी अपराध, घरेलू हिंसा के मामले में महिलाएं शिकायत दर्ज करा रही हैं। इन केंद्रों पर महिलाओं की शिकायतों, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और तीन तलाक जैसे प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है। बेटियों से छेड़छाड़ करने वाले शोहदों पर कार्रवाई के लिए प्रदेश में 3195 से अधिक एंटी रोमियो स्क्वॉड गठित किए गए। इनके द्वारा दो करोड़ 20 लाख 17 लाख 197 शोहदों की चेकिंग की गई। इस दौरान 88 लाख 25 हजार 966 व्यक्तियों को चेतावनी दी गई, जबकि 25,127 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

## क्षयरोगियों के इलाज में बाधक नहीं होगी आर्थिक तंगी

**टीम एक्शन इंडिया/नपुर**
अगर आप क्षय रोगी हैं तो आपके इलाज में आर्थिक तंगी जैसी कोई बाधा नहीं आएगी। इलाज चाहे निजी चिकित्सालय में ही क्यों न करवा रहे हों। बस एक सूचना क्षय रोग केंद्र में दें और आपका पूरा इलाज हो जाएगा। शर्त बस इतनी है कि दवा का कोर्स बीच न छोड़ें। क्षयरोग के इलाज के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत उचित पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह 500 रुपये की राशि भी मुहैया करवाई जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एपी मिश्रा ने बताया कि विश्व के क्षयरोगियों में से 23 प्रतिशत मरीज भारत में हैं।

## नवरात्र में विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए होंगी सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**चैत्र** नवरात्र मेला मंगलवार से शुरू हो रहा है, जो छह अप्रैल तक चलेगा। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने विंध्याचल स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री आश्रय का निर्माण किया गया है। इसमें अनारक्षित काउंटर, पूछताछ काउंटर, उद्घोषणा प्रणाली, पीने का पानी, प्रकाश एवं शौचालय की उत्तम व्यवस्था की गई है।

### तैयारी पूरी

- विंध्याचल में मेला अवधि में तीन अनारक्षित काउंटर से टिकट वितरण की व्यवस्था की गई है : एनसीआर के पीआरओ

एनसीआर के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि विंध्याचल में मेला अवधि में तीन अनारक्षित काउंटर से टिकट वितरण की व्यवस्था की गई है। वहीं, आरक्षित काउंटर को दोनों पालियों में आठ से दो एवं दो से आठ बजे तक टिकट बुक होगी।

## 'किसानों को मिलेगी प्रति हेक्टेयर 32 हजार रु. की राहत'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ओला-वृष्टि और असमय बारिश से फसलों के 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर किसानों को प्रति हेक्टेयर अब 32 हजार रुपये की राहत राशि दी जाएगी। साथ ही फसल बीमा की राशि अलग से दी जाएगी। उन्होंने उद्यानिकी फसलों को भी सर्वे में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसान चिंता न करे, परेशान न हो, चिंता के लिए मैं हूँ और किसान बहन और भाइयों को सभी तरह के संकट से बाहर निकाल कर ले जाऊँगा। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को विदिशा जिले की गुलाबगंज तहसील के पटवारीखेड़ी, हथियाखेड़ा, घुरदा, मूडरागणेश और मढ़ीचौबीसा गाँव में ओला-वृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद किसानों को ढाँढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान चिंता नहीं करें, प्रत्येक प्रभावित खेत का सर्वे मानवीय दृष्टिकोण और उदारता से होगा, जिससे किसानों को भरपूर राहत दी जा सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोई भी हीला-हवाली नहीं करें और पारदर्शी तरीके से नुकसान का सर्वे करें। उन्होंने कहा कि सर्वे सूची पंचायत भवन पर प्रदर्शित की जायेगी और आपत्ति होने पर उसका भी निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने किसानों से कहा कि एक हेक्टेयर फसल में 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर 32 हजार, गाय-भैंस हानि पर साढ़े 37 हजार, भेड़-बकरी पर 4 हजार बछिया पर 2 हजार और मुर्गा-मुर्गी की हानि पर 100 रूपए प्रत्येक के मान से राहत राशि दी जाएगी। मकानों को हुई क्षति पर भी सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसान बिल्कुल भी चिंतित न हो। पीड़ित किसानों की कर्ज वसूली की तारीख तो बढ़ाई ही जायेगी साथ ही ब्याज भी सरकार ही भरेगी और अगली फसल के लिए भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन दिलाया जायेगा।

